Alumni Corner

Alumni Achievements

Maj Gen Prem Bahadur Pun - Achieved the coveted rank of Major General in the Nepalese Army, marking a significant milestone in his distinguished military career.

AVO (now Lt) Praveen Singh - Awarded the prestigious Sword of Honor and President's Gold Medal for securing the first position in the overall order of merit.



Dr. Naval Arora - Appointed as the Regional Director of the Ministry of Skill Development & Entrepreneurship (MSDE), overseeing the Eastern Region offices in Kolkata and Guwahati.

Lt. Marshal Yadav - Excelled in the CDO Course, earning the title of Best Student, and demonstrated remarkable physical prowess by securing the Best in Endurance award at Commando Course O-341.

Shri Manoj Kumar Verma, IPS - Appointed as the Commissioner of Police, Kolkata, reinforcing his dedication and leadership in law enforcement.

Lt Gen Gambhir Singh, AVSM, YSM - Assumed the esteemed position of General Officer Commanding (GOC) 4 Corps, a testament to his exemplary service and strategic acumen.

Vice Admiral A N Pramod - Honored with the AtiVishishtSeva Medal (AVSM) by the President of India in recognition of his outstanding contributions to the Indian Navy.

Shri Mahendra Singh Sisodia - Bestowed with the prestigious Golden Legacy Award at the Indo-UK Leadership Summit 2024, held in the British Parliament (House of Commons).

Pradeep Singh - Conferred with the World Customs Organization (WCO) Certificate of Merit on the occasion of International Customs Day 2025, recognizing his excellence as a Senior Intelligence Officer in the Directorate of Revenue Intelligence (DRI).

Lt. Ritik Chaudhary - Led the NAG Missile System contingent as the Commander in the Republic Day Parade, showcasing exemplary leadership and military prowess.

RMSD In News

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में प्राचार्य ले. कर्नल अमित शर्मा नें ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और देश के वीर स्वतंत्रा सेनानियों को उनकी अमिट वीरता की छाप के लिए भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने छात्रों और स्टाफ का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आज के दिन 26 जनवरी 1950 में भारत में संविधान लागू हुआ और हमें सही मायनों में आज के दिन आजादी मिली यह दिन हमारे लोकतंत्र का उत्सव मनाने और हमारे संविधान में निहित विचारों और मूल्यों को संजोने का अवसर है। हमारे देश की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए हमें प्रार्थना के साथ साथ देश की प्रगति के कार्यों में सम्मिलित होना चाहिए। अंत में विद्यालय के कर्मचारियों को प्राचार्य ले. कर्नल अमित शर्मा द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया और छात्रों को उनकी रंगारंग प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार प्रदान किये और छात्रों की होसला अफजाई कर कार्यक्रम का समापन किया।

...त्व में पुलिस की रेत माफिया के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के नेतृत्व में थाना कोतवाली इलाके में प्रतिबंधित चम्बल बजरी के स्टॉको के विरुद्ध पुलिस की टीमों द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान डीएसटी टीम, थानाधिकारी थाना कोतवाली हरिनारायण मीणा व थानाधिकारी थाना निहालगंज प्रमेन्द्र रावत मय पुलिस जाप्ता मौके पर रहा मौजूद।

» धौलपुर ... सेना दिवस पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते आरएमएस के प्राचार्य ले. कर्नल अमित शर्मा

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में मनाया गया आर्मी डे

विद्यार्थियों को सेना दिवस की महत्ता से करवाया जागरूक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में बुधवार को आर्मी डे मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम विद्यालय के समस्त छात्रों एवं छात्राओं के साथ सभी सैनिक व असैनिक स्टाफ ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र कैडेट अच्युत व छात्रा कैडेट ओजस्वी ने इंग्लिश व हिंदी में भाषण की प्रस्तुति दी और उन्होंने अपने अपने शब्दों में आर्मी डे के सेलिब्रेशन के बारे में बताया तत्पचात प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय भारतीय सेना दिवस हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के सम्मान में प्रत्येक वर्ष सेना दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में पहला सेना दिवस 15 जनवरी 1949 को मनाया गया था। इस दिन भारतीय सेना की कमान एक भारतीय नागरिक के हाथ में आई थी। ब्रिटिश प्रमुख सर फ्रांसिस बुचर ने भारतीय सेवा कमांडर इन चीफ का पद लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करियप्पा को सौंपा था। इसके बाद से हर वर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सेना दिवस पर उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया है। प्राचार्य ने स्टाफ व छात्रों एवम छात्राओं को भारतीय सेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहीद हुए जवानों के पदचिन्हों पर चलने को प्रेरित किया। अंत में उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से इस प्रकार के दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों एवम छात्राओं को जानकारी देकर उसकी महत्ता से जागरूक करवाना है।

मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा एवं एलबीए अध्यक्ष ने मिलिट्री स्कूल का प्रशासनिक निरीक्षण किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। मंगलवार को मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जी.ओ.सी.) 61 सब एरिया एवं लोकल बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (एल.बी.ए.) अध्यक्ष ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आर.एम.एस.) धौलपुर का प्रशासनिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं कैडेट्स ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान, स्कूल के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने स्कूल के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ढांचे पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। जी.ओ.सी. ने कैंपस में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने एवं एक सकारात्मक शैक्षणिक व व्यक्तित्व विकास हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। मेजर जनरल मेहरोत्रा ने शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया और उनकी मेहनत व उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में उनके समर्पण के लिए सराहा। निरीक्षण के दौरान जी.ओ.सी. ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का जायजा लिया, जिसमें हाल ही में निर्मित बालिका छात्रावास एवं अत्याधुनिक इनडोर शूटिंग रेंज भी शामिल थे। इसके अलावा, उन्होंने कैडेट्स मेस में कैडेट्स के साथ भोजन कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया तथा उनके मनोबल को ऊंचा किया। कैडेट्स एवं संकाय को संबोधित करते हुए, जी.ओ.सी. ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की महत्ता पर जोर दिया। उनकी प्रेरणादायक बातें और बहुमूल्य सुझावों को सभी ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया, जिससे संस्थान के राष्ट्र के भावी नेतृत्व को तैयार करने के संकल्प को और अधिक मजबूती मिली।

» धौलपुर.. - विद्यार्थी को तोहफा भेंट करते जनरल रोहित मेहरोत्रा

मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा एवं एलबीए अध्यक्ष ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का किया निरीक्षण

खबरों की दुनिया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मे. जनरल वी के भट्ट मिलिट्री स्कूल के दो दिवसीय दौरे पर आये

भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज़ ऐप
इन्स्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज़
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

खबरों की दुनिया

एक नजर

मेजर जनरल वी के भट्ट राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में दो दिवसीय दौरे पर

खबरों की दुनिया

धौलपुर । मेजर जनरल वी के भट्ट, (ऐ. डी. जी., ऐ. ई.) विद्यालय के अकादमिक परिसर में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। विद्यालय के अकादमिक परिसर में प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी व अन्य-अधिकारीयों ने उनकी अगवानी की वहां पहुंचकर सर्व प्रथम प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने अकादमिक परिसर में मुख्य अतिथि को विद्यालय में चल रहे क्रियाकलापो की जानकारी का विस्तृत प्रस्तुतीकरण उनके समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय का सघन दौरा किया अपने दौरे में उन्होंने अकादमिक ब्लाक, रेजिडेंशियल ब्लाक, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, मेडिकल रूम, हॉस्टल आदि का निरक्षण किया तथा विद्यालय को उत्कृष्ठ शिक्षा केंद्र बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए द्व मेजर जनरल वी के भट्ट ने नव निर्मित वॉली बाल कोर्ट का अपने कर कमलों द्वारा उद्घाटन भी किया। सायंकाल में विद्यालय के आवासीय परिसर के विवेकानंद सभागार में एक सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्रों ने रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, ग्रुप सोंग, ग्रुप डांस, विद्यालय के छात्र ने हिंदी के प्रसिद्ध कबि की कविता का वाचन भी किया गया।

दैनिक भास्कर अजमेर 23-02-2025

परिचर्चा: मादक पदार्थ तस्कर युवाओं को कर रहे हैं खोखला

मिलिट्री स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस का समापन

अजमेर | नशीले पदार्थों की तस्करी कर दुनिया के युवाओं को खोखला बनाने वाले लोग आतंकवाद का ही हिस्सा हैं। नशे की तस्करी के लिए स्थानीय नेटवर्क का इस्तेमाल किया जा रहा है।

आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी को लेकर यह चर्चा शनिवार को मिलिट्री स्कूल में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) के अंतिम दिन देशभर की पांच मिलिट्री स्कूलों की टीमों के सदस्यों के बीच हुई। एमयूएन में विश्व के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। मिलिट्री स्कूलों की टीमों के सदस्यों ने ठीक उसी तरह से इन मुद्दों पर चर्चा की, जैसे यूएन की कॉन्फ्रेंस में अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि चर्चा करते हैं। समापन समारोह में ब्रिगेडियर शिशिर जैन बतौर मुख्य अतिथि और डॉ. एपी शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करने पहुंचे थे। कार्यक्रम की शुरुआत यूएनजीए और यूएनएससी समितियों की अलग-अलग बैठकों के साथ हुई। आतंकवाद और नशे की सौदेबाजी के मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एमयूएन में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय ऑल इंडिया आईपीएससी स्क्वैश प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

समारोह के शुभारम्भ अवसर राजमाता स्कूल आईपीएससी प्रतिनिधि श्रीमती सपना गुप्ता ने प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की व प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को शपथ दिलाई व प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में मनाया गया आर्मी डे विद्यार्थियों को सेना दिवस की महत्ता से करवाया जागरूक

धौलपुर (खबरों की दुनिया)। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में आर्मी डे मनाया गया जिसमे सर्व प्रथम विद्यालय के समस्त छात्रों एवं छात्राओं के साथ सभी सैनिक व असैनिक स्टाफ ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र कैडेट अच्युत व छात्रा कैडेट ओजस्वी ने इंग्लिश व हिंदी में भाषण की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने अपने शब्दों में आर्मी डे के सेलिब्रेशन के बारे में बताया। प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय भारतीय सेना दिवस हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के सम्मान में प्रत्येक वर्ष सेना दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में पहला सेना दिवस 15 जनवरी 1949 को मनाया गया था। इस दिन भारतीय सेना की कमान एक भारतीय नागरिक के हाथ में आई थी। ब्रिटिश प्रमुख सर फ्रांसिस बुचर ने भारतीय सेवा कमांडर इन चीफ का पद लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करियप्पा को सौंपा था। इसके बाद से हर वर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना दिवस पर उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया है। 5

आरएमएस धौलपुर ने राष्ट्रीय स्तर की एमयूएन कॉन्फ्रेंस में हासिल की जीत हासिल

खबरों की दुनिया

धौलपुर । राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय (आरएमएस) धौलपुर ने 20-23 फरवरी 2025 को आरएमएस अजमेर में आयोजित प्रतिष्ठित मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) कॉन्फ्रेंस में शानदार जीत दर्ज कर विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अन्य सैन्य विद्यालयों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया। इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अलग-अलग सत्रों में गहन विचार-विमर्श हुआ। जहां कैडेट्स ने मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद के संबंध तथा यूएनएससी में स्थायी सदस्यता के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर बहस की। आरएमएस धौलपुर के कैडेट्स ने अपनी उत्कृष्ट सार्वजनिक भाषण कला, रणनीतिक संचार और वार्ता कौशल के साथ प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए और कूटनीतिक समझदारी का परिचय दिया।

आरएमएस धौलपुर के सात कैडेट्स ने जीते पुरस्कार

आरएमएस धौलपुर के 10 प्रतिभागी कैडेट्स में से सात ने विभिन्न श्रेणियों में व्यक्तिगत पुरस्कार जीते, जिससे विद्यालय की प्रतियोगिता में श्रेष्ठता और अधिक मजबूत हुई। उनकी नीतियों के निर्माण, प्रस्ताव ड्राफ्टिंग और संरचित वाद-विवाद में शानदार प्रदर्शन को निर्णायकों और प्रतिनिधियों द्वारा अत्यधिक सराहा गया।

दैनिक समय जगत भोपाल

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर ने 75वें गणतंत्र दिवस को एक समारोहपूर्वक मनाया

समय जगत, धौलपुर। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल ने 75 वे गणतंत्र दिवस को एक सम्मान पूर्वक मनाया जिसमें देशभक्ति, अनुशासन और उत्कृष्टता के मूल्यों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड द्वारा प्रस्तुत गरिमामय गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुई, जो हमारे राष्ट्र की भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज, हमारी एकता का प्रतीक, स्कूल के सम्मानित प्रिंसिपल लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा द्वारा देशभक्ति के उत्साह से भरे एक पल में फहराया गया। कैडेटों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें उनकी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन हुआ। आत्म-प्रेरक देशभक्ति समूह गीत से लेकर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अभिभाषणों तक, राष्ट्र के प्रति गर्व और प्रतिबद्धता की गहरी भावना को दर्शाया। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में ऊंचे लक्ष्य रखने और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय योगदान देने के महत्व पर जोर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रतिभागियों को उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, एक निर्बाध और प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित करने के प्रति उनके समर्पण को मान्यता देते हुए, स्टाफ सदस्यों को प्रदर्शन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में बल्कि हमारे महान राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिकों और भावी नेताओं को आकार देने वाले मूल्यों को स्थापित करने में भी बहुत गर्व महसूस करता है।

एलबीए अध्यक्ष मेजर जनरल ने किया मिलिट्री स्कूल का निरीक्षण

भास्कर न्यूज | धौलपुर

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का मंगलवार को जनरल ऑफिसर कमांडिंग सब एरिया एवं लोकल बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन अध्यक्ष मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा ने प्रशासनिक निरीक्षण किया। प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने स्कूल के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ढांचे पर जानकारी प्रदान की। जी.ओ.सी. ने कैंपस में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने एवं एक सकारात्मक शैक्षणिक व व्यक्तित्व विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को कहा। मेजर जनरल मेहरोत्रा ने शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया और उनकी मेहनत व उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में उनके समर्पण के लिए सराहा। निरीक्षण के दौरान जी.ओ.सी. ने प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण सुविधाओं सहित हाल ही में निर्मित बालिका छात्रावास एवं अत्याधुनिक इनडोर शूटिंग रेंज का निरीक्षण किया।

इसके अलावा उन्होंने कैडेट्स मेस में कैडेट्स के साथ भोजन कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया। उनके मनोबल को बढ़ाया। कैडेट्स एवं संकाय को संबोधित करते हुए जीओसी ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की महत्ता पर जोर दिया। जिससे संस्थान के राष्ट्र के भावी नेतृत्व को तैयार करने के संकल्प को और मजबूती मिले।

RMSD In News

मिलिट्री स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

» धौलपुर ... राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में पौधारोपण करते प्रिंसिपल, छात्र व अध्यापकगण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं में प्रकृति के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ाना था। इस अभियान के तहत छात्र, छात्राओं ने स्कूल के अकादमिक ब्लाक व रेजिडेंशियल ब्लाक के बगीचों, विभिन्न हॉस्टल एरिया, मेस एरिया आदि स्थानों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। यहां छात्र, छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के स्टाफ ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय परिसर में करीब 2500 से अधिक पौधे लगाए, छात्र, छात्राओं अपने टीचर्स के मार्गदर्शन में पौधों की देखभाल के बारे में भी सीखा। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और विद्यालय में आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी भागीदारी को सराहा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखता है, बल्कि इससे हमें स्वच्छ वायु और स्वस्थ वातावरण भी मिलता है। प्राचार्य ने ये भी कहा की इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों को भी समझने में मदद करते हैं। अंत में इस पौधारोपण अभियान में प्राचार्य ने सभी को यह संदेश दिया कि एक छोटा सा प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकता है।

मिलिट्री स्कूल को पूर्व छात्रों ने वाहन किया भेंट

धौलपुर। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के पूर्व छात्रों ने विद्यालय को एक वाहन भेंट किया,जो शैक्षणिक, प्रशासनिक और आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए उपयोग में लाई जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि यह सहयोग हमारे लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि विद्यालय के प्रति समर्पण और गौरव का प्रतीक है। विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

जनगण दैनिक RNI Reg. No. 22372/71 Postal Reg. No. JODHPUR/

राजमाता स्कूल में आईपीएससी स्क्वैश प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

(कार्यालय संवाददाता)

जोधपुर 19 अप्रैल। राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया आईपीएससी स्क्वैश प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को प्रातः राजदादीसा बदन कंवर रंगशाला ऑडिटोरियम में समारोह पूर्वक हुआ। प्रथम दिन स्क्वैश के अनेक टीमों के बीच मैच हुए।

शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जनरल शेर सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्क्वैश एक बेहतर खेल है जिससे शरीर स्वस्थ होने के साथ-साथ एकाग्रता भी आती है। उन्होंने कहा कि खेल में आत्मविश्वास ,जोश व जुनून जरूरी होता है। उन्होंने प्रतियोगिता आयोजन के लिए राजमाता गर्ल्स पब्लिक स्कूल प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजमाता गर्ल्स पब्लिक स्कूल को गिनती शैक्षणिक जगत में अच्छे विद्यालयों में मानी जाती है। राजमाता स्कूल आईपीएससी प्रतिनिधि श्रीमती सपना गुप्ता ने प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की व प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को शपथ दिलाई व प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली स्कूलों के खिलाड़ी अपनी अपनी स्कूल की टीम के साथ ध्वज लिए हुए उपस्थित थे। शुभारंभ समारोह के अवसर पर रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन हरि अंशिका शेखावत व रिशिता भंसाली ने किया।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों के 10 प्रसिद्ध विद्यालय डेली कॉलेज इंदौर, दिल्ली पब्लिक स्कूल आरकेपुरम नई दिल्ली, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर, मॉडर्न स्कूल नई दिल्ली, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर, द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, वेलहम बॉयज स्कूल देहरादून, वेलहम गर्ल्स स्कूल इंदौर , मोतीलाल स्कूल आफ स्पोर्टस राय व राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर की खिलाड़ी भाग लें रहे है।

मिलिट्री स्कूल में मॉडल यूएन सम्मेलन का समापन

अजमेर। मिलिट्री स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) सम्मेलन का समापन गहन बहस और कूटनीतिक विचार-विमर्श के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर शिशिर जैन और विशिष्ट अतिथि डॉ. ए.पी. शर्मा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत यूएनजीए और यूएनसीए समितियों की अलग-अलग बैठकों से हुई। जिनमें मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद के बीच संबंध तथा यूएनएससी की स्थायी सदस्यता विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। कैडेट्स ने प्रभावशाली सार्वजनिक भाषण, रणनीतिक संचार और वार्तालाप कौशल का प्रदर्शन किया। गहन चर्चाओं और प्रभावशाली प्रस्तावों के बाद, आर.एन.एस. धौलपुर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता घोषित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

ऑल इंडिया IPSC स्क्वॉश गर्ल्स चैंपियनशिप के पहले दिन आरकेके स्कूल की शानदार शुरुआत

देश की 10 स्कूलें ले रहीं हिस्सा, पहले दिन टीम मुकाबले

सिटी रिपोर्टर. जोधपुर

राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार से आयुवर्ग 12, 14, 17 व 19 के अंतर्गत तीन दिवसीय ऑल इंडिया आईपीएससी स्क्वैश गर्ल्स चैंपियनशिप शुरू हुई। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मेजर जनरल शेरसिंह ने कहा कि स्क्वैश एक बेहतर खेल है जिसमें आत्मविश्वास, जोश व जुनून होना जरूरी है। समारोह में आरकेके स्कूल की आईपीएससी प्रतिनिधि और एक्सचेंज प्रोग्राम की डीन सपना गुप्ता ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। भव्य नृत्य के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत हुई।

इस चैंपियनशिप में डेली कॉलेज इंदौर, दिल्ली पब्लिक स्कूल आरकेपुरम नई दिल्ली, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर, मॉडर्न स्कूल बाराखम्भा रोड नई दिल्ली, मोती लाल स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राय, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर, दी एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, वेल्हम बॉयज स्कूल देहरादून, वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून और राजमाता कृष्णाकुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह का संचालन हरिअंशिका शेखावत और ऋषिता भंसाली ने किया। शुभारंभ के बाद टीमों का मेहमानों के साथ फोटो सेशन हुआ।

चैंपियनशिप के प्रेक्षक भूपेंद्र सिंह राठौड़ व आरकेके स्कूल के स्क्वैश कोच विजय सिंह व प्रवीण सिंह राठौड़ हैं। पहले दिन 20 मैच दो चरणों में खेले गए जिसमें हर प्रतिभागी स्कूल से 3 खिलाड़ियों ने टीम मैच खेला। साथ ही अंडर 12, 14, 17 और 19 के आयुवर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शनिवार को प्रातः 7 से 10 बजे, सुबह 10.30 से दोपहर 1 बजे व दोपहर 2.30 से शाम 7 बजे तक मैच होंगे।

पहले दिन हुए 20 मैच, ये रहे रिजल्ट

अंडर-12 में आयु वर्ग में द एमरल्ड हाइटस इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने दिल्ली कॉलेज इंदौर को 2-1 से, राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने मोतीलाल स्कूल आफ स्पोर्ट्स को 3-0 से हराया। अंडर-14 में दिल्ली कॉलेज इंदौर ने दिल्ली पब्लिक स्कूल आरकेपुरम नई दिल्ली व राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर ने द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर को 2-0 से हराया। वहीं मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर ने मॉडर्न स्कूल बाराखंबा रोड नई दिल्ली को 2-1 से व मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राय ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर को 3-0 से पराजित किया। इसी प्रकार अंडर-17 में डेली कॉलेज इंदौर ने मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राय को 2-0 से, डेली कॉलेज इंदौर ने मोतीलाल स्कूल आफ स्पोर्ट्स राय को 2-1 से हराया। अंडर-19 में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर ने डेली कॉलेज इंदौर को 2-0 से व मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर ने मॉडर्न स्कूल बाराखंबा रोड नई दिल्ली को 2-0 से पराजित किया। इसी तरह से दिल्ली पब्लिक स्कूल आरकेपुरम नई दिल्ली ने मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राय को 2-1 से व दी एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने वेल्हम बॉयज स्कूल देहरादून को 2-0 से हराया, जबकि राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने दी एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर व मोतीलाल स्कूल आफ स्पोर्ट्स राय को 2-0 से पराजित किया।

RMSD In News

राजमाता गर्ल्स स्कूल:आईपीएससी स्क्वैश प्रति. शुरु

देशभर से 10 स्कूलें ले रही है भाग

नवज्योति/जोधपुर।

राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया आईपीएससी स्क्वैश प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार 19 अप्रैल को सुबह राजदादीसा बदन कंवर रंगशाला ऑडिटोरियम में समारोह पूर्वक शुरु हुआ।

पहले दिन स्क्वैश के अनेक टीमों के बीच मैच हुए। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जनरल शेरसिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, स्क्वैश एक बेहतर खेल है जिससे शरीर स्वस्थ होने के साथ ही एकाग्रता भी आती है। उन्होंने कहा, खेल में आत्मविश्वास ,जोश व जुनून जरूरी होता है। उन्होंने प्रतियोगिता आयोजन के लिए राजमाता गर्ल्स पब्लिक स्कूल प्रबंधन की सराहना की।

उन्होंने कहा, राजमाता गर्ल्स पब्लिक स्कूल की गिनती शैक्षणिक जगत में अच्छे विद्यालयों में मानी जाती है। वर्ष भर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती है, राजमाता कृष्णा कुमारी के नाम पर स्थापित यह विद्यालय बालिका शिक्षा के उत्थान के लिए अनेक वर्षों से लगातार प्रयासशील है। यह विद्यालय पूर्व नरेश गजसिंह के मुख्य संरक्षण में लगातार प्रगतिरत है।

सपना गुप्ता ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की

समारोह के शुभारंभ पर राजमाता स्कूल आईपीएससी प्रतिनिधि सपना गुप्ता ने प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की व प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को शपथ दिलाप्रतियोगिता की जानकारी दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली स्कूलों के खिलाड़ी अपनी अपनी स्कूल की टीम के साथ ध्वज लिए उपस्थित थे। शुभारंभ समारोह पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। संचालन हरि अंशिका शेखावत व रिशिता भंसाली ने किया।

दस विद्यालय के प्रतिभागी ले रहे है भाग

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों के 10 प्रसिद्ध विद्यालय डेली कॉलेज इंदौर, दिल्ली पब्लिक स्कूल आरकेपुरम नई दिल्ली, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर, मॉडर्न स्कूल नई दिल्ली, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर, द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, वेल्हम बॉयज स्कूल देहरादून, वेल्हम गर्ल्स स्कूल इंदौर , मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्टस राय व राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर की खिलाड़ी भाग लें रहे है।

आज तीन चरणों में होंगे मैच

सपना गुप्ता ने बताया, कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार 20 अप्रैल को सुबह 7 से 10 बजे, 10.30 से दोपहर 1 बजे व दोपहर 2.30 से सायं 7 बजे तक मैच होंगे।

आज के मैच के परिणाम

राजमाता स्कूल की डीन एक्सचेंज प्रोग्राम सपना गुप्ता ने बताया, शुक्रवार को विभिन्न आयु वर्ग के मैच हुए। जिसमें आयु वर्ग अंडर 12 में द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने दिल्ली कॉलेज इंदौर को 2- 1 से हराया व राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्टस को 3-0 से हराया।

आयु वर्ग अंडर 14 के मैच में दिल्ली कॉलेज इंदौर ने दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम नई दिल्ली व राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर ने द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर को 2-0 से हराया।

वहीं मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर ने मॉडर्न स्कूल बाराखंबा रोड नई दिल्ली को 2-1 से व मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राय ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर को 3-0 से पराजित किया। इसी तरह आयु वर्ग अंडर - 17 में डेली कॉलेज इंदौर ने मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्टस राय को 2-0 से पराजित किया , डेली कॉलेज इंदौर ने मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्टस राय को 2-1 से पराजित किया। वहीं आयु वर्ग अंडर 19 में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर ने डेली कॉलेज इंदौर को 2-0 से व मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर ने मॉडर्न स्कूल बाराखंबा रोड नई दिल्ली को 2- 0 से पराजित किया ।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम नई दिल्ली ने मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राय को 2-1 से व दी एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने वेल्हम बॉयज स्कूल देहरादून को 2 - 0 से पराजित किया। जबकि राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर ने दी एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर व मोतीलाल स्कूल ऑफ स्पोर्टस राय को 2- 0 से पराजित किया।

मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा एवं एलबीए अध्यक्ष ने मिलिट्री स्कूल का प्रशासनिक निरीक्षण किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। मंगलवार को मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जी.ओ.सी.) 61 सब एरिया एवं लोकल बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (एल.बी.ए.) अध्यक्ष ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आर.एम.एस.) धौलपुर का प्रशासनिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं कैडेट्स ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान, स्कूल के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने स्कूल के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ढांचे पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। जी.ओ.सी. ने कैंपस में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने एवं एक सकारात्मक शैक्षणिक व व्यक्तित्व विकास हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। मेजर जनरल मेहरोत्रा ने शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया और उनकी मेहनत व उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य एवं संकाय सदस्यों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में उनके समर्पण के लिए सराहा। निरीक्षण के दौरान जी.ओ.सी. ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का जायजा लिया, जिसमें हाल ही में निर्मित बालिका छात्रावास एवं अत्याधुनिक इनडोर शूटिंग रेंज भी शामिल थे। इसके अलावा, उन्होंने कैडेट्स मेस में कैडेट्स के साथ भोजन कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया तथा उनके मनोबल को ऊंचा किया। कैडेट्स एवं संकाय को संबोधित करते हुए, जी.ओ.सी. ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की महत्ता पर जोर दिया। उनकी प्रेरणादायक बातें और बहुमूल्य सुझावों को सभी ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया, जिससे संस्थान के राष्ट्र के भावी नेतृत्व को तैयार करने के संकल्प को और अधिक मजबूती मिली।

» धौलपुर.. - विद्यार्थी को तोहफा भेंट करते जनरल रोहित मेहरोत्रा

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में पौधारोपण अभियान हुआ अयोजित

खबरों की दुनिया

धौलपुर । राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में प्रकृति के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ाना था।

मिलिट्री स्कूल में आयोजित पौधारोपण अभियान के तहत छात्र, छात्राओं ने स्कूल के अकादमिक ब्लॉक, रेजिडेंशियल ब्लॉक के बगीचों, विभिन्न हॉस्टल एरिया, मेस एरिया सहित स्कूल परिसर के कई स्थानों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। पौधारोपण अभियान के दौरान छात्र छात्राओं के साथ-साथ स्कूल के स्टाफ ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्कूल परिसर में करीब 2500 से अधिक पौधे लगाए। पौधारोपण के दौरान स्कूल के टीचर्स ने छात्र-छात्राओं को पौधों की देखभाल करने के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और स्कूल में आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी भागीदारी को सराहा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखता है, बल्कि इससे हमें स्वच्छ वायु और स्वस्थ वातावरण भी मिलता है। प्रिंसिपल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को ना केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों को भी समझने में मदद करते हैं।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

» धौलपुर ... स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मेजर जनरल एसजी चटर्जी, प्रिंसिपल ले. कर्नल अमित शर्मा , अध्यापकगण व छात्रगण

सभी मिलिट्री स्कूल्स अपने छात्रों को लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं - मे. जनरल एसजी चटर्जी

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल ने 62वां स्कूल स्थापना दिवस मनाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

» धौलपुर ... मेजर जनरल एसजी चटर्जी का स्वागत करते राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के प्राचार्य ले. कर्नल अमित शर्मा

धौलपुर। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, धौलपुर ने 16 जुलाई 2024 को अपना 62वां स्कूल स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस पावन दिन के मुख्य अतिथि मेजर जनरल एस.जी. चटर्जी, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, (सेवानिवृत्त) के रूप में पधारे। प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा व समस्त स्टाफ के द्वारा विद्यालय के अकादमिक ब्लाक में मुख्य अतिथि का स्वागत किया, व छात्रों के द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने सर्व प्रथम शहीदों के युद्ध स्मारक शौर्य स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा विद्यालय के गार्डन परिसर में पौधा रोपण का कार्य किया उसके बाद एक नए बास्केट बाल कोर्ट का भी उद्घाटन किया गया। तदोपरांत सभी अतिथियों ने विद्यालय में स्थित ...ल ब्लाक के विवेकानंद सभागार में शिरकत की, यहां उनका विद्यालय की गर्ल्स कैडेट्स द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के समक्ष छात्रों द्वारा एक प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया इस कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय नृत्य, देश भक्ति कविता, व कक्षा 6 के कैडेटों द्वारा एक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के गत वर्ष डायमंड जुबिली सेलिब्रेशन के अंतर्गत आयोजित किए गए। विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों का विडियो, व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूल की उत्पत्ति और क्रमिक विकास से संबंधित जानकारी का विवरण प्रस्तुत कियाव इसी क्रम में प्राचार्य ने विद्यालय के द्वारा 61 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी को 62वें विद्यालय स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले विद्यालय के वीर शहीदों को याद किया और स्थापना दिवस मनाने के पीछे का कारण मात्र भूमि से प्रेम व बलिदान की निस्वार्थ भावना को बताया । मुख्य अतिथि ने विद्यालय के स्टाफ व छात्रों के साथ बातचीत भी की। इस बातचीत में, उन्होंने छात्रों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने व विद्यालय के साथ-साथ अपने माता पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्होंने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर व नेशनल डिफेन्स अकादमी खड़कवासला में बिताए अपने श्रमसाध्य दिनों को भी छात्रों के साथ साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार वे एक आम कैडेट्स से एक डेकोरेटिव ऑफिसर में तब्दील हुए और उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि सभी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल्स अपने छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते है और हर छात्र को इसका अपनी सच्ची मेहनत व लगन से अनुकूल लाभ लेना चाहिए और कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने सभागार में मौजूद सभी अतिथिगण का हृदय से आभार व्यक्त किया और मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया।